Regarding embankment on Ganga rivers

श्री मलूक नागर (बिजनौर): सभापति जी, पूर्व प्रधान मंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जो सपना था कि देश में कहीं भी बाढ़ न आए, कहीं भी सूखा न पड़े तो मैं बताना चाहता हूँ कि उसी क्रम में उत्तराखंड से यूपी में गंगा मैया प्रवेश करती है इसलिए दोनों तटबंध पक्के किए जाए । उत्तराखंड से रामगंगा और बाणगंगा, एक शुक्रताल को जाती है और दूसरी अमरोहा को जाती है, उसकी खुदाई करके उसे वहां तक पहुंचाया जाए तथा मैं आपके द्वारा सरकार से मांग करता हूँ कि गंगा के दोनों तट पक्के किए जाए, जिससे बाढ़ से छुटकारा मिल सके ।